शुकर करूँ तेरा खाटू वाले दोनों हाथ मैं जोड़ के लिरिक्स

जब भी मुझपे पड़ी मुसीबत,
आता है तू दौड़ के,
शुकर करूँ तेरा खाटू वाले,
दोनों हाथ मैं जोड़ के।bd।

shukar karu tera khatu wale

तर्ज – रींगस के उस मोड़ पे।

हार रहा था जब मैं बाबा,
तूने साथ निभाया था,
बेगाना समझा था जग ने,
तूने अपना बनाया था,
हर पल मेरे साथ तू रहना,
कभी ना जाना छोड़ के,
शुकर करूं तेरा खाटू वाले,
दोनों हाथ मैं जोड़ के।bd।

कितनी विपदा चाहे खड़ी हो,
मुझको नहीं सताती है,
जब तेरी मोरछड़ी की छाया,
मेरे सिर लहराती है,
तेरे रहते कोई नहीं है,
जो मुझको फिर तोड़ दे,
शुकर करूं तेरा खाटू वाले,
दोनों हाथ मैं जोड़ के।bd।

जीवन में अब ना कुछ ना चाहूँ,
कोई ना अब दरकार है,
तेरी कृपा जो बरस रही है,
मुझपे अपरम्पार है,
थामे रहना हाथ 'हरि' अब,
जीवन के हर मोड़ पे,
शुकर करूं तेरा खाटू वाले,
दोनों हाथ मैं जोड़ के।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब भी मुझपे पड़ी मुसीबत,
आता है तू दौड़ के,
शुकर करूँ तेरा खाटू वाले,
दोनों हाथ मैं जोड़ के।bd।

Singer – Ashish Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com